# पंतनगर विश्वविद्यालय के डा. सुभाष चंद्र को निदेशक शोध का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया

पंतनगर। 31 अगस्त 2025। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्र को निदेशक शोध का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। मुख्य कार्मिक अधिकारी के कार्यालय आदेश के क्रम में डा. चंद्र वर्तमान में कृषि महाविद्यालय में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और अब वे निदेशक शोध के पद का अतिरिक्त कार्य भी संभालेंगे। जबकि डा. ए.एस. नैन को निदेशक शोध के पद का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात उनको निदेशक शोध के दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है।

